अमर उजाला 20/09/2022

# ओरियंटेशन प्रोग्राम में विद्यार्थियों का किया स्वागत

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में राजनीतिक विज्ञान विभाग की ओर से ओरियंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें नए विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को कॉलेज की उपलब्धियों से अवगत कराया गया।

डॉ. एसएस नैन ने महाविद्यालय में विद्यार्थियों द्वारा समय-समय पर आयोजित कार्यक्रमों में भागीदारी के लिए सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. वीके जैन ने की। इस अवसर पर डॉ. राकेश कुमार, डॉ.सरोज बाला, डॉ. तृप्ती शर्मा ने विचार व्यक्त किए। इस कार्यक्रम में कुल 80 विद्यार्थी उपस्थित रहे। मंच का संचालन रूशल, आस्था और कशिश ने किया। संवाद